## प्रवेश समिति की 16वीं बैठक दिनांक 31 मई, 2024 का कार्यवृत्त

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार की प्रवेश समिति की 16वीं बैठक दिनांक 31 मई, 2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय मुख्यालय में मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में ऑनलाईन/ऑफलाईन के माध्यम से बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में निम्नांकित सदस्य महानुभावों ने प्रतिभाग किया :–

1. **प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री** – **अध्यक्ष**
   कुलपति

**(i) चल रहे प्रत्येक विषयों के एक–एक वरिष्ठ शिक्षक** – **सदस्य**

2. **डॉ. प्रतिभा शुक्ला**
   सह–आचार्या/विभागाध्यक्ष–साहित्य विभाग
   उ.सं.वि.वि. हरिद्वार
3. **डॉ. लक्ष्मीनारायण जोशी** **(ऑनलाईन उपस्थित)**
   सहायक आचार्य/विभागाध्यक्ष–योग विभाग
   उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
4. **डॉ. रामरतन खण्डेलवाल**
   सहायक आचार्य, साहित्य/प्रभारी विभागाध्यक्ष–ज्योतिष
   उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
5. **डॉ. अरविन्द नारायण मिश्र**
   सहायक आचार्य/प्रभारी विभागाध्यक्ष–शिक्षाशास्त्र विभाग
6. **डॉ. राकेश कुमार सिंह** **(ऑनलाईन उपस्थित)**
   सहायक आचार्य/विभागाध्यक्ष–व्याकरण विभाग
   उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
7. **डॉ. अजय परमार**
   सहायक आचार्य/विभागाध्यक्ष–भाषा एवं आधुनिक ज्ञान–विज्ञान विभाग
   उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
8. **डॉ. अरुण कुमार मिश्र**
   सहायक आचार्य/ प्रभारी विभागाध्यक्ष–वेद
   उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
9. **डॉ. विनय कुमार सेठी**
   सहायक आचार्य–पर्यावरण विज्ञान
   उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
10. **डॉ. श्वेता अवस्थी**
    सहायक आचार्या–अंग्रेजी
    उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।
11. **श्री सुशील कुमार**
    सहायक आचार्य–कम्प्यूटर साइंस
    उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।

**(ii) महाविद्यालयों के दो वरिष्ठ प्राचार्य** – **सदस्य**

12. श्री रामप्रसाद थपलियाल, प्राचार्य, शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय, देहरादून। **(ऑनलाईन उपस्थित)**
13. डॉ. शिवानी विद्यालंकार, प्राचार्या, श्री निर्मल संस्कृत महाविद्यालय कनखल, हरिद्वार। **(ऑनलाईन उपस्थित)**

**(iii) सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन वरिष्ठ शिक्षक** – **सदस्य**

14. डॉ. नवीन चन्द्र जोशी, श्री महादेवगिरि संस्कृत महाविद्यालय, हल्द्वानी। **(ऑनलाईन उपस्थित)**
15. डॉ. संजीव शास्त्री, दैवी सम्पद् अध्यात्म संस्कृत महाविद्यालय परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश। **(ऑनलाईन उपस्थित)**

**(iv) दो प्रतिष्ठित शिक्षाविद्** – **सदस्य**

16. प्रो. राधेश्याम चतुर्वेदी, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार। **(ऑनलाईन उपस्थित)**
17. डॉ. पद्म प्रसाद सुवेदी, पूर्व प्राचार्य, श्री गरीबदासीय साधु संस्कृत महाविद्यालय जगजीतपुर हरिद्वार। **(ऑनलाईन उपस्थित)**
18. **(vi) कुलसचिव** – **सचिव**

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हो सके।**

1. **श्री लखेन्द्र गौथियाल**
   वित्त नियन्त्रक
2. **डॉ. बलदेव चमोली**
   ऋषिकुल विद्यापीठ संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार।
3. **डॉ. उमेश कुमार शुक्ल**
   सहायक आचार्य/प्रभारी विभागाध्यक्ष–पत्रकारिता विभाग
   उ.सं.वि.वि. हरिद्वार।

**बैठक में निम्नवत् निर्णय लिये गये :–**

**मद संख्या : 01** प्रवेश समिति की 15वीं बैठक दिनांक 19 जुलाई 2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि एवं कृत कार्यवाही का विवरण अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**विनिश्चय :** **मा. प्रवेश समिति ने प्रवेश समिति की 15वीं बैठक दिनांक 19 जुलाई, 2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की एवं कृत कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर कृत कार्यवाही पर सन्तोष व्यक्त किया।**

**मद संख्या : 02** विश्वविद्यालय के शैक्षिक कैलेण्डर 2024–25 की तिथियों एवं प्रक्रिया की समीक्षा व अग्रेत्तर कार्य योजना पर विचार–विमर्श।

**विनिश्चय :** **मा. प्रवेश समिति ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक कैलेण्डर 2024–25 का अवलोकन किया एवं प्रवेश की तिथियों पर अनुमोदन प्रदान किया।**

**मद संख्या : 03** विश्वविद्यालय में किसी एक विषय से स्नातकोत्तर (पी.जी.) कर लेने के पश्चात् पुनः किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के सन्दर्भ में प्रस्ताव मा. प्रवेश समिति के समक्ष विचार–विमर्श एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत।

**विनिश्चय :** **मा. प्रवेश समिति ने उपर्युक्त प्रस्ताव पर गहन विचार–विमर्श कर निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में छात्रों को किसी एक विषय से स्नातकोत्तर (पी.जी.) कर लेने के पश्चात् पुनः किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर करने हेतु प्रवेश नहीं दिया जायेगा।**

**अन्य मद :** मा. प्रवेश समिति द्वारा लिये गये अन्य निर्णय :–

1. **विश्वविद्यालय के सत्र 2024–25 हेतु परिसर कार्यालय द्वारा विभागाध्यक्ष से समन्वय स्थापित करते हुये अस्थाई प्रवेश दिया जायेगा तदुपरान्त विभागाध्यक्ष प्रवेश दिये गये छात्रों की सूची को स्थाई प्रवेश के रूप में अनुमोदित करेंगे।**
2. **विश्वविद्यालय में संचालित षाण्मासिक (छः माह) सर्टिफिकेट कोर्स के अन्तर्गत छात्रों को वर्ष में दो बार प्रवेश दिये जाने का प्रावधान होगा।**
3. **विश्वविद्यालय में छात्रों की संख्या में वृद्धि करने हेतु जन सम्पर्क स्थापित करते हुये छात्र संख्या में वृद्धि हेतु प्रयास किया जाये।**

विश्वविद्यालय में छात्रों की संख्या में वृद्धि करने हेतु विभिन्न होर्डिंग तैयार कर विशिष्ट स्थलों पर व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु लगवाये जाये, अखबारों में पम्पलेट तैयार कराये जाये। विभिन्न पत्रिकाओं/अखबारों में विज्ञप्ति के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जाये। सोशल मीडिया एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया आदि के माध्यम से बैनर निर्माण कर प्रचार–प्रसार किया जाये।

उक्त कार्य के प्रचार–प्रसार हेतु डॉ. अरविन्द नारायण मिश्र, प्रभारी विभागाध्यक्ष–शिक्षाशास्त्र विभाग एवं श्री सुशील कुमार, सहायक आचार्य–कम्प्यूटर सहयोग प्रदान करेंगे।

4. विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में गैर संस्कृत छात्रों को समस्त परम्परागत विषयों में शास्त्री एवं आचार्य में प्रवेश के दो (02) माह के अन्दर संस्कृत ज्ञान परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा तभी ऐसे छात्र प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में उपस्थित होने के पात्र होंगे।

अन्त में अध्यक्ष महोदय एवं समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये बैठक सम्पन्न हुयी।

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव/सचिव

(प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री)
कुलपति/अध्यक्ष